# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VI-( 2nd lang.) | Department: Hindi | |
|---|---|---|
| Lesson – 5 वन के मार्ग में | Topic: Question Bank and grammar | Note: Pl. write in your note book |

## पाठ – **5 – वन के मार्ग में**

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1- राम और सीता कहाँ जाने के लिए निकले थे ?

उत्तर - राम और सीता वन जाने के लिए निकले थे ।

प्रश्न 2- किसके पैरों में काँटे चुभ गए थे ?

उत्तर - सीता के पैरों में काँटे चुभ गए थे ।

प्रश्न 3- लक्ष्मण कहाँ गए थे ?

उत्तर - लक्ष्मण पानी लाने गए थे ।

प्रश्न 4- पर्णकुटी किस चीज से बनती है?

उत्तर- पर्णकुटी पत्तों से बनती है।

प्रश्न 5- राम रुककर क्या करते हैं?

उत्तर - राम रुककर सीता के पैरों से काँटे निकालते हैं।

प्रश्न 6- 'वन के मार्ग में' कविता के कवि का नाम लिखिए ।

उत्तर - 'वन के मार्ग में' कविता के कवि का नाम तुलसीदास है।

**लघु उत्तरीय प्रश्न –**

प्रश्न 1- नगर से बाहर निकलकर दो पग चलने के बाद सीता की क्या दशा हुई ?

उत्तर - नगर से बाहर निकलकर दो पग चलने पर ही सीता थक गई और पसीने से लथपथ हो गई , उसके पैरों में काँटे चुभ गए और होंठ प्यास से सूखने लगे

प्रश्न 2- 'अब और कितनी दूर चलना है, पर्णकुटी कहाँ बनाइएगा 'किसने किससे पूछा और क्यों?

उत्तर. - अब और कितनी दूर चलना है और पर्णकुटी कहाँ बनानी है- यह बात सीता जी ने राम जी से पूछी क्योंकि वे बहुत ज्यादा थक गई थीं और उन्हें बहुत ज्यादा प्यास भी लग रही थी ।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न -**

प्रश्न 1- पाठ के आधार पर वन के मार्ग का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

उत्तर- प्रस्तुत कविता में तुलसीदास जी ने तब का प्रसंग बताया है , जब श्री राम , लक्ष्मण और सीता जी वनवास के लिए निकले थे,और उनके लिए वन का मार्ग काँटों से भरा था | इस तरह के मार्ग पर सँभलकर चलना पड़ता था | रहने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं था | खाने की वस्तुएँ नहीं थी और पानी भी दूर तक कहीं नज़र नही आता था | चारों तरफ़ सन्नाटा था |

प्रश्न 2- वन के मार्ग में सीता को कौन-कौन सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ?

उत्तर- सीता एक राजकुमारी थीं,वे बचपन से महलों में ही रही थीं|उन्हें अधिक दूर तक चलने की आदत नहीं थी इसलिए वन के मार्ग में सीता जी को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा जैसे वे चलते–चलते थक गईं और उनके माथे पर पसीना आने लगा। प्यास से उनके होंठ भी सूखने लगे तथा नंगे पाँव होने के कारण उनके पैरों में काँटे भी चुभ गए थे।

**शब्दार्थ -**

1-पुर ते- नगर से- from the city
2- मधुराधर-मधुर होंठ - soft lips
3- निकसी -निकली- came out
4 - बुझति-पूछती -asked
5-रघुबीर-बधू-राम की पत्नी (सीता) –Rama's wife Sita
6 - चलनो –चलना – walks
7-धरि- रखकर- to keep
8 - करिहौं -कहाँ बनाओगे- where will you construct
9 -पर्नकुटी-पत्तों की कुटिया- hut made out of leaves
10- पुट- होंठ- lips
11-सुखी -सूख - dry
12 -जल – पानी- water
13-धीर-धीरज -patience
14 - कित –कहाँ- where
15- दए - दिए -keep
16 - तिय-पत्नी- wife
17-मग में - मार्ग में- on the way
18 - लखि-देखकर - saw
19- डग- कदम -steps
20 - आतुरता- बेचैनी- restless
21 - द्वै- दो- two
22 - पिय- प्रियतम- husband
23 -झलकी- दिखाई दी- to see
24 - अँखियाँ –आँखें- eyes
25 - भाल – माथा- forehead
26 - चारू-सुंदर- beautiful
27- जल च्वै –आँखों से आँसू बहना- tears falling from the eyes

28 -लक्खन-लक्ष्मण- Lakshman

29- जानकीं-सीता- Sita

30 -लरिका- बालक- boy ,लड़का

31- नाह- नाथ, प्रियतम- husband

32 परिखौ- इंतजार करो- to wait

33 नेह-स्नेह ,प्यार- love

34 छाँह- छाया- shadow

35 लख्यौ-देखकर -saw

36- घरीक- एक घड़ी, कुछ समय- some time

37- पुलको -पुलकित हो जाना, बहुत प्रसन्न हो जाना- to become joyful

38- ह्वै ठाढ़े- खड़े होकर- to stand

39- तनु –शरीर- body

40-पोंछि- पोंछ कर- wipe away

41- बारि- जल- water

42- पसेउ- पसीना-sweat

43 - बयारि- हवा air

**व्याकरण भाग –**

प्रश्न 1- निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कर के फिर से लिखिए |

1- तुलसीदास जी हिंदी के प्राचीन कवयित्री थे।
उत्तर - तुलसीदास जी हिंदी के प्राचीन कवि थे।

2- उसके पास केवल मात्र पचास पैसे हैं।
उत्तर- उसके पास केवल पचास पैसे हैं।

3 - यहाँ शुद्ध गाय का घी मिलता है।
उत्तर- यहाँ गाय का शुद्ध घी मिलता है।

4 - बच्चे को प्लेट में रखकर मिठाई दो।
उत्तर - प्लेट में मिठाई रखकर बच्चे को दो।

5 - मेरे को किताब चाहिए।
उत्तर- मुझे किताब चाहिए।

6 - गाय के पास चार पैर होते हैं।
उत्तर- गाय के चार पैर होते हैं।

7 - बंदर छत में बैठे हैं।
उत्तर- बंदर छत पर बैठे हैं।

8 - लड़का ने पत्र लिखा।

उत्तर- लड़के ने पत्र लिखा।

9- तुम तुम्हारी किताब पढ़ो।

उत्तर- तुम अपनी किताब पढ़ो।

10- लड़की गाना गा रहा है ।

उत्तर- लड़की गाना गा रही है ।

प्रश्न -3 क) निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए:-

1- महाराणा प्रताप का घोड़ा चेतक था। महाराणा, प्रताप, घोड़ा, चेतक

2- लाल किला लाल पत्थर से बनाया गया है। लाल, किला लाल, पत्थर

3- शाहजहाँ ने आगरा में ताजमहल बनवाया। शाहजहाँ, आगरा ,ताजमहल

4- स्त्रियाँ ओणम मनाने के लिए सफ़ेद साड़ी पहनती हैं।

स्त्रियाँ ,ओणम , साड़ी

5- दिल्ली भारत की राजधानी है। दिल्ली, भारत, राजधानी

6 - बुर्ज खलीफा दुबई में है। बुर्ज खलीफा , दुबई

7 - मीना ने प्लास्टिक का खिलौना खरीदा है। मीना, प्लास्टिक, बाल्टी

8 - राधा कल बाजार चली गई थी। राधा , बाजार

9 - हिमालय सबसे ऊँचा पहाड़ है । हिमालय ,पहाड़

10 - सीमा ने जंगल में शेर, हाथी और चीता आदि जानवर देखे ।

सीमा, जंगल ,शेर, हाथी और चीता ,जानवर

**********